( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2024/202

| किस्म मुकदमा 1 | नंबर मुकदमा 2 | तारीख दायर 3 | तारीख फैसला 4 | पेशी दिनांक 5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128 प्रार्थना पत्र | 129/24 | 9/5/24 | 28/5/24 | 23/5/24 |

अनवान

श्री शम्भु S/o मोती बलाई     श्री माधुलाल S/o खाना बैरवा

निवासी कल्याणपुरा     निवासी समेलिया, सुखपुरा ता.मु.

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट     अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडेंट

डिक्रीदार     मदयून

श्री पंकज कुमार धाकड़     श्री ..........

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

शम्भु बनाम माधुलाल

किस्म मुकदमा – 111-128 नम्बर 129/2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 09/05/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हो। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 23/05/2024 को पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 23/5/24 | पत्रावली पेश हुई अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे शामिल पत्रावली किया। पत्रावली में एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली वास्ते बहस/निर्णय आगामी दिनांक 28/05/24 को पेश हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |
| 28/5/24 | पत्रावली पेश हुई अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में आदेश पारित किए गए एवं तहसीलदार बिजौलिया को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :-129/24 तारीख दायर 9/5/24

1. शम्भू पुत्र मोती जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
2. सोहनी पुत्री मोती जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0

...........प्रार्थीगण

बनाम्

1. माधुलाल पिता खाना जाति बेरवा उम्र वयस्क निवासी समेलिया तहसील शाहपुरा हाल मुकाम सुखपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
2. दुर्गाशंकर पिता रामलाल जाति मेहर उम्र वयस्क निवासी बिजौलिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
3. मांगीलाल पिता गोरीलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
4. कैलाश पिता बालूराम जाति खटीक उम्र वयस्क निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0

..........विपक्षीगण

कार्यालय उप खण्ड अधि... ...लियाँ

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट**

## –: आदेश :–

दिनांक 28/05/24

प्रार्थना पत्र शंभूलाल वगैराह ने जरिये अभिभाषक श्री **पंकज धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा ग्राम सुखपुरा पटवार हल्का सुखपुरा मे खाता संख्या 154 पर अंकित आराजी संख्या 77 रकबा 1.8535 हे0भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2076–2079 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात की खातेदारी काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलिया खूर्द** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। पत्थरगढी **कमिश्नर** फीस **500** /– [illegible] रूपये तय किये जाते हैं। प्रार्थी वक्त पत्थरगढी फीस अदा करेगा।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम सुखपुरा पटवार हल्का सुखपुरा मे खाता संख्या 154 पर अंकित आराजी संख्या 77 रकबा 1.8535 हे0 भूमि** की बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या -129/24 तारीख दायर 9/5/24

प्रेषिति :-तहसीलदार बिजौलियाँ

विषय :- प्रकरण संख्या129/24 पत्थरगढ़ी बाबत्।

1. शम्भू पुत्र मोती जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
2. सोहनी पुत्री मोती जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थीगण

बनाम्

1. माधुलाल पिता खाना जाति बेरवा उम्र वयस्क निवासी समेलिया तहसील शाहपुरा हाल मुकाम सुखपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
2. दुर्गाशंकर पिता रामलाल जाति मेहर उम्र वयस्क निवासी बिजौलिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
3. मांगीलाल पिता गोरीलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0
4. कैलाश पिता बालूराम जाति खटीक उम्र वयस्क निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मे आदेश होकर लेख है **मौजा ग्राम सुखपुरा पटवार हल्का सुखपुरा मे खाता संख्या 154 पर अंकित आराजी संख्या 77 रकबा 1.8535 हे0 भूमि** की बशमलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलिया खूर्द** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस 500/–रूपये वक्त पत्थरगढी प्रार्थी अदा करेगा। पत्थरगडी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडौसियान को सूचित करते हुये पत्थरगडी करें।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ